# नवीनतम सामाजिक आर्थिक स्थिति मापन अनुसंधान मैनुअल स्केल का हुआ विमोचन

## मापन में 6बन्दुओं का मूल्यांकन होगा

आनंदी मेल ब्यूरो

प्रयागराज। कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यरत शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.पवन कुमार पचौरी एवं कृषि प्रसार विभाग के सह प्राध्यापक डॉ.आदेश कुमार वर्मा ने खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा विषय के शोधार्थियों के लिए निर्मित की है सामाजिक आर्थिक स्थिति मापनी यह मापनी अपने आप में नवीनतम है तथा खेलकूद विषय शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र मे शिक्षाविदों, विशेषज्ञों, खेल प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों के लिए शोध हेतु मैन्युअल सहायक होगा ज्ञात होगी अभी तक खिलाड़ियों एवं शारीरिक शिक्षा के छात्र-छात्राओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति को मापने के लिए समाज वैज्ञानिकों की समाजशास्त्री स्केल का उपयोग किया जाता रहा है। संपूर्ण भारत ही नहीं पूरे विश्व मे शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विषय पर खिलाड़ियों एवं शारीरिक शिक्षा छात्र-छात्राओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को मापने के लिए किसी भी प्रकार की अनुसंधान मापनी मैन्युअल स्केल का निर्माण नहीं किया है यह नवाचार है इस मापनी को निर्मित करने में लगभग 4 साल का समय लगा मापन मैन्युअल का विमोचन आईएसबीएन नंबर 978-93-344-2803-2 के साथ 16 अक्टूबर 2025 को स्वर्गीय प्रो.प्रभु कुमार पचौरी की स्मृति मे कराए गए अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार मे उत्तर प्रदेश सरकार के सेवानिवृत्ति आई जी केपी सिंह के कर कमरों द्वारा किया गया इस अनुसंधान मापनी को मुख्य छः भागो में विभक्त करते हुए खिलाड़ियों एवं शारीरिक शिक्षा के छात्रों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति मापन प्रक्रिया हेतु मानक मैन्युअल का निर्माण किया गया है 1 परिवार की आय एवं स्त्रोत, 2 माता-पिता का व्यवसाय, 3 घर व संपत्ति, 4 माता-पिता की शिक्षा, 5 खेल संसाधन व पोषण 6 शैक्षिक वातावरण इन 6 डाइमेंशन को आधार बनाकर खिलाड़ियों एवं शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थियों विशेषज्ञों खेल प्रशिक्षकों के परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को माप जाएगा इस नवीनतम मैनुअल के निर्माण के लिए प्रो.पचौरी और डॉ.वर्मा को संयुक्त रूप से प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिलेश कुमार सिंह रजिस्ट्रारध्परीक्षा नियंत्रक प्रो.विनीता यादव कायस्थ पाठशाला प्रयाग के अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह



महामंत्री एड. एस.डी. कौटिल्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.के के श्रीवास्तव महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीतांजलि मौर्य रज्जू भय्या विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय के आचार्य प्रो. राजकुमार गुप्ता प्रो.विवेक कुमार सिंह प्रो.एस.पी.वर्मा प्रोफेसर सी एस चौबे प्रो.एस.पी.विश्वकर्मा प्रो.आर. एल. पाल प्रो.आर.पी. श्रीवास्तव प्रो.वी. एन.पाण्डेय प्रो.आर.पी. तिवारी डॉ. शशिकांत त्रिपाठी डॉ.बिपिन कुमार डॉ. अखिलेश त्रिपाठी डॉ.मनीष कुमार श्रीवास्तव डॉ.आभा त्रिपाठी डॉ.श्रद्धा तिवारी आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।